सीआईडी अधिकारी बताकर की ठगी

औरंगाबाद (आससे)। औरंगाबाद शहर में खुद को सीआइडी अधिकारी बताकर ठगी करने वाले गिरोह ने दिनदहाड़े एक जाने-माने व्यवसायी को अपना शिकार बनाया है. नगर थाना क्षेत्र के एमजी रोड स्थित पवई कोठी के पास शुक्रवार की सुबह तीन शातिरों ने रघुनंदन साव से करीब 145 ग्राम सोने के जेवर ठग लिये. ठग करीब 25 लाख रुपये के जेवरात उड़ा ले गये. अपराधियों ने चेन लूट की घटनाओं का भय दिखाकर उनसे सोने की चेन और अंगूठी उतरवा ली. इसके बाद जेवरात को रुमाल में बांधने का नाटक कर पत्थर थमा दिया और फरार हो गये. घटना के बाद शहर के व्यवसायियों और बुद्धिजीवियों में चिंता का माहौल ।चेन लूट का भय दिखाकर उतरवाये जेवर पीड़ित रघुनंदन साव ने नगर थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने और न्याय दिलाने की गुहार लगायी है. आवेदन के अनुसार, घटना 23 अक्टूबर की सुबह करीब 10-06 बजे की है. रघुनंदन साव अपने घर के पास टहल रहे थे. इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन व्यक्ति वहां पहुंचे. उन्होंने खुद को सीआइडी अधिकारी बताया और इलाके में चेन लूट की घटनाएं होने की बात कहकर उन्हें डराया. शातिरों ने प्रशासनिक कार्रवाई और 10 हजार रुपये जुर्माना लगने का भय दिखाकर व्यवसायी से उनके जेवर उतारने को कहा. उनकी बातों में आकर रघुनंदन साव ने करीब 110 ग्राम की सोने की चेन, जिसमें रुद्राक्ष और त्रिशूल लगा था, तथा करीब 35 ग्राम की सोने की अंगूठी उतार दी. ठगी की साजिश के तहत एक अपराधी ने पहले अपनी चेन उतारकर रुमाल में रखी. उसके इस दिखावे को देखकर व्यवसायी को लगा कि वह सुरक्षा को लेकर आगाह कर रहा है. इसके बाद अपराधियों ने उनके जेवरात को कागज में रखकर रुमाल में बांधने का नाटक किया. इसी दौरान शातिरों ने चालाकी से रुमाल बदल दिया और जेवरात की जगह पत्थर बंधा रुमाल उनकी जेब में रख दिया.

तीनों अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद आराम से निकल गये. कुछ देर बाद जब रघुनंदन साव ने रुमाल खोलकर देखा, तो उसमें सोने के जेवरात की जगह पत्थर मिले. तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ. रघुनंदन साव शहर के जाने-माने व्यवसायी रहे हैं और उन्हें सेठ जी के नाम से जाना जाता है. एमजी रोड स्थित उनके घर के सामने ही परिवार के सदस्य अलग-अलग व्यवसाय करते हैं. घटनास्थल के पास चंद्रा मशीनरी नाम की दुकान है, जिसका संचालन उनके पुत्र और रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष अजीत चंद्रा करते हैं.

पीड़ित के अनुसार, अपराधियों ने इतनी तेजी से पूरी वारदात को अंजाम दिया कि उन्हें कुछ समझने और आसपास मौजूद परिजनों को जानकारी देने तक का मौका नहीं मिला. नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है. पुलिस अपराधियों की पहचान और उनकी गतिविधियों की पड़ताल कर रही है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये हैं. आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी भी की जा रही है.

जिले में जेवरात ठगी करने वाले गिरोह की सक्रियता पहले भी सामने आती रही है. कुछ महीने पहले कुटुंबा में भी झांसा देकर लाखों रुपये के जेवरात ठग लिये गये थे. उस मामले में कई शातिर पकड़े गये थे, जबकि अन्य घटनाओं में शामिल आरोपितों की तलाश जारी है.

ताजा घटना के बाद शहर के व्यवसायियों और बुद्धिजीवियों में चिंता बढ़ गयी है. लोगों ने पुलिस से आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने और इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है.

दीपावली एवं छठ को लेकर डीएम एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित

औरंगाबाद (आससे)। आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 22.10.2026 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में औरंगाबाद जिले से जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक के दौरान आगामी त्योहारों के मद्देनजर विधि-व्यवस्था की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों पर सतर्कता तथा आम नागरिकों की सुविधा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु आवश्यक एहतियाती कदम उठाने पर विशेष बल दिया गया।



दीपावली के अवसर पर अग्नि सुरक्षा के मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने, पटाखों के उपयोग से संबंधित निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन कराने तथा अग्निशमन सेवाओं को अलर्ट मोड में रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। वहीं, छठ महापर्व के दृष्टिगत छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध, भीड़ नियंत्रण तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। जिला प्रशासन को सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए त्योहारों के दौरान सतत निगरानी रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा आमजनों के लिए सुरक्षित एवं सुगम वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

एम्पीयर ने नये एक्सपीरियंस सेंटर का किया उद्घाटन

मोहनियां। एम्पीयर ने मोहनिया में अपनी रिटेल और सर्विस मौजूदगी को मजबूत बनाते हुए अवारी पर अपने नए स्टोर श्री कन्हैया ऑटोकॉर्प का उद्घाटन किया। एम्पीयर का नया एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को एक ही छत के नीचे सेल्स और सर्विस का संपूर्ण अनुभव प्रदान करेगा तथा क्षेत्र के ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और अधिक आसान एवं सुविधाजनक बनाएगा। नया एक्सपीरियंस सेंटर एम्पीयर के इलेक्ट्रिक स्कूटर पोर्टफोलियो का प्रदर्शन करेगा, जिसे मोबिलिटी की विभिन्न जरूरतों और विभिन्न प्रकार ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस पोर्टफोलियो में सबसे खास है 5 किलोवॉट की नई दमदार मोटर वाला एम्पीयर नेक्सस ए+, जिसने भारत के सबसे मुश्किल रास्तों पर अपनी परफॉर्मेंस से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं। एम्पीयर नेक्सस ए+और मैग्नस जीमैक्स ऐसे वैरिएंट्स में भी उपलब्ध हैं जिनमें इंटेलिपैक से पावर्ड 30 से ज्यादा इंटेलिजेंट फीचर्स हैं।

28 को होगा तुतला भवानी महोत्सव का आयोजन

सासाराम (आससे)। 28 अक्टूबर को तुतला धाम भवानी महोत्सव का आयोजन होगा। इसको लेकर उप विकास आयुक्त र आकांक्षा आनंद की अध्यक्षता में तुतला भवानी महोत्सव 2026 की तैयारी को लेकर बैठक हुई ।जिसमे कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु स्टेज निर्माण, कलाकारों का चयन, आमंत्रण, साफ-सफाई, पानी, शौचालय, ट्रैफिक कंट्रोल तथा विधि व्यवस्था आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अंत में तुतला भवानी में छठ घाट निर्माण हेतु स्थल का भ्रमण किया गया तथा उसके निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेहरी वीडियो तिलौथू । थानाध्यक्ष तिलौथू व अमझोर सीओ तिलौथू तुतला भवानी धाम के अध्यक्ष सचिव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।



पास्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

बिक्रमगंज (आससे)। दावथ पुलिस ने थाना क्षेत्र के सेमरी गांव से पास्को एक्ट मामले की एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। शुक्रवार को 2 बजे थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव से पास्को एक्ट मामले के आरोपी 50 वर्षीय सुनील साह उर्फ मगरू तेली को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अज्ञात शव बरामद

सासाराम (आससे)। शिवसागर थाना पुलिस ने एक अज्ञात शव को बरामद किया है। इसकी जानकारी देते हुए शिवसागर थानाध्यक्ष ने बताया की थाना क्षेत्र के बमह उर पुल के पास से एक बुजुर्ग का शव बरामद किया गया है प्रथम दृष्टया में ऐसा प्रतीत होता है कि किसी वाहन के ठोकर लगने से उसकी मौत हुई है।

सत्य, अहिंसा और क्षमा से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव : जीयर स्वामी

भभुआ/कैमूर (आससे)। सत्य, अहिंसा, दया और क्षमा ईश्वर प्राप्ति के आधार हैं। सभी प्राणियों के प्रति करुणा और प्रेम का भाव अपनाना चाहिए। ये बातें विश्वप्रसिद्ध परमवैष्णव संत श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने भभुआ के परसियां में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सफल जीवन और ईश्वर प्राप्ति के लिए सदाचार, संयम और सत्संग का निरंतर अभ्यास आवश्यक है। इसके लिए कोई शॉर्टकट या चमत्कार काम नहीं आता। स्वामी जी ने सनातन धर्मशास्त्रों में वर्णित अष्टधा प्रकृति की चर्चा करते हुए बताया कि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि और अहंकार से मानव शरीर तथा भौतिक जगत की संरचना मानी गई है। जीवन को सार्थक बनाने के लिए सत्य, अहिंसा, दया, दान, यज्ञ, शौच, संयम और क्षमा जैसे आठ सूत्रों को अपनाना चाहिए। दान, यज्ञ, शारीरिक एवं मानसिक पवित्रता, इंद्रियों पर नियंत्रण और दूसरों की गलतियों को क्षमा करना भी धर्म के महत्वपूर्ण आधार हैं। प्रवचन के दौरान जगद्गुरु रामानुजाचार्य अयोध्यानाथ स्वामी, वैकुण्ठनाथ स्वामी, शिवपूजन शास्त्री, मारुति किंकर महाराज, आचार्य आनंद बिहारी शास्त्री और भोजपुरिया महाराज सहित संतों एवं विद्वानों ने धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से माता-पिता, गुरु और ईश्वर की सेवा का संदेश दिया। महायज्ञ आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक विधायक भरत प्रसाद बिंद, संरक्षक प्रसून कुमार मिश्र, अध्यक्ष अनिल तिवारी, उपाध्यक्ष गिरिजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष अरुण तिवारी सहित अन्य सदस्य श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

DY. CPM/GSU/SPJ भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा की अंतिम तिथि 19.11.2026 को 15:00 बजे तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।। **क्र०सं० :** 1, **निविदा सूचना सं. :** SPJ-GSU-2026-27-002, **कार्य का नाम :** Construction of ROB and Light ROB at LC No. 3 at km 10/2-3 in OLP yard, ROB and Light ROB at LC No. 5 at km 18/8-9 in IMLI yard, ROB and LHS at LC No. 6B at km 24/5-6 in SLNA yard, ROB and LHS at LC 11B at km 39/5-6 in HPO yard, ROB and LHS at LC No. 17 at km 56/957/0 in ROA yard, in the jurisdiction of Samastipur Division. **निविदा लागत (रुपये में) :** 3433668702.58, **ब्याना की राशि (रुपये में) :** 68673400.00, **कार्य की समाप्ति अवधि :** 30 माह

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार-किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति
पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर
पीआर/1162/एसपीजे-जीएस/जीएस/टी/26-27/36

पूर्व मध्य रेल

ईओसी/डीडीयू पर X-ओवर लगाकर डाइवर्सन लाइन/डीडीयू में बाई-डाइरेक्शनल लाईन की व्यवस्था करना

खुली ई-निविदा सूचना सं०-टीआरडी-ओ०टी०-19-Xओवर-ईओसी-26-27

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

क्रम सं० : 1. कार्य का नाम और स्थान : ईओसी/डीडीयू पर x-ओवर लगाकर डाइवर्सन लाइन/डीडीयू में बाई-डाइरेक्शनल लाईन की व्यवस्था करना, **2. अनुमानित रकम :** रू० 1,56,39,347.38, **3. बयाना राशि :** रू० 312800.00, **4. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 09/11/2026 को 15:00 बजे तक **5. वेबसाइट का विवरण जहां ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है :** www.ireps.gov.in

वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/1163/डीडीयू/टीआरडी/टी/26-27/32

पूर्व मध्य रेल

अधिसूचना

संख्या-सी/407/शहीद सूरज ना. सिंह/III
दिनांक: 21.10.2026

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से समस्तीपुर मंडल के निम्नलिखित हाल्ट स्टेशन के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/समस्तीपुर द्वारा निर्धारित कमीशन दर पर टिकट बेचने के लिए 05 (पाँच) वर्षों हेतु हाल्ट अभिकर्ता के रूप में चयन के लिए विहित प्रपत्र पर दिनांक 17.11.2026 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **हाल्ट स्टेशन का नाम:** शहीद सूरज नारायण सिंह **नियंत्रक स्टेशन:** सकरी, **स्टेशनों के मध्य:** तारसराय-सकरी। **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** तारसराय-सकरी स्टेशनों के मध्य शहीद सूरज नारायण सिंह हाल्ट स्टेशन पर टिकटों की आपूर्ति हेतु, अपने नियंत्रक स्टेशन पर नकद भुगतान कर, टिकट प्राप्त कर, टिकटों की बिक्री एवं हाल्ट स्टेशन की साफ-सफाई हाल्ट अभिकर्ता को अपने खर्च पर करना होगा। **2. आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय:** समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से दिनांक 17.11.2026 के संध्या 17.00 बजे तक। **3. ठेका की अवधि:** 05 (पाँच) वर्षों के लिए। **4. आवेदन जमा करने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर के कार्यालय में साधारण डाक/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर या हाथों-हाथ बन्द लिफाफे में प्राप्ति अनुभाग में स्वीकार किये जायेंगे। **5. हाल्ट संबंधी अधिसूचना एवं पूर्ण विवरणी प्राप्त करने हेतु वेबसाइट:** www.ecr.indianrailways.gov.in, Division - Samastipur, Department - Commercial. **नोट:** रेल प्रशासन को यह अधिकार होगा कि वह बिना किसी कारण के एक अथवा सभी आवेदनों/विज्ञप्तियों को निरस्त कर सकता है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर
पीआर/1179/एपीजे/सीओएमएमएल/एन/26-27/44

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

सोनपुर डेमू शेड में 01 सी एन सी टैंडेम अंडर फ्लोर व्हील लेथ और पाथेरडीह फ्रेट डिपो में 01 सी एल सी पोर्टल व्हील लेथ की टर्नकी आधार पर आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग हेतु निविदा

संख्या: ECR-HQ0Mech(PLG)/0005/2026
दिनांक: 16.10.2026 भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए, तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय सुदृढ़ता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

(i) ई-निविदा सूचना सं. : HQMech-26-WL-SEE-PEH-01, **(ii) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** सोनपुर डेमू शेड में 01 सी एन सी टेंडेम अंडर फ्लोर व्हील लेथ और पाथेरडीह फ्रेट डिपों में 01 सी एन सी पोर्टल व्हील लेथ की टर्नकी आधार पर आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। कार्य समापन अवधि- 36 माह, **(iii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹37,66,88,384.48 (सैंतीस करोड़ छियासठ लाख अठासी हजार तीन सौ चौरासी रुपये और अड़तालीस पैसे)। **(iv) बयाना राशि :** ₹75,33,800.00 (पचहत्तर लाख तेतीस हजार आठ सौ रुपये)। **(v) ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 06.11.2026 को 17:00 घंटे, **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** 03.11.2026 को 17:30 घंटे, **(vi) वेबसाइट का विवरण :** https://www.ireps.gov.in/ ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/फ्रेट
पूर्व मध्य रेलवे
पीआर/1160/एचक्यू/यॉं०/टी/26-27/40

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/16 Dated 22.10.2026

Notice regarding Extended Online Counselling Programme for Stray Vacancy Round

In continuation to Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/14 & 2026/15 dated 18.10.2026, it is informed to all eligible & interested NEET(UG)-2026 qualified candidates and all concerned that in view of the receipt of complaint from the candidates regarding Server & Technical issues, they could not submit their Consent and Choice filling for participating in Stray Vacancy Round Counselling wihin scheduled date. So, in interest of candidates, the counselling programme for Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / Consent is hereby extended as follows;

Extended Important Dates for UGMAC-2026 Stray Vacancy Round Counselling :

i. Last date of online Registration .... : 24.10.2026 (10.00 pm)
ii. Last date of submission of Application with payment through Debit Card/ Credit Card/ Net Banking/ UPI by Registered candidate/ Editing of Application Form data .... : 24.10.2026 (11.59 pm)
iii. Consent for Stray Vacancy Round with Payment (if any) from such candidates who have already duly submitted the Application Form earlier .... : upto 24.10.2026 (11.59 pm)
iv. Publication of Rank Card .... : 25.10.2026
v **Last date** of Choice Filling / Editing of Choices & Locking .... : 25.10.2026 (11.59 pm)
vi. Stray Vacancy Round Provisional Seat Allotment Result publication .... : 27.10.2026
vii. Downloading of Provisional Seat Allotment order .... : 27.10.2026 to 29.10.2026
viii. Documents Verification and Admission .... : 28.10.2026 to 29.10.2026

2. Rest of the terms / conditions for Stray Vacancy Round Counselling mentioned in Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/14 Dated 18.10.2026 will remain the same.

Controller of Examination

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY
Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042

F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 **Dated: 22/10/2026**

Advertisement Notice No. 04/2026

RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY

Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - **23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards**
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - **07th December, 2026 till 05:00 PM**

Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	**62**	**27**	**21**	**80**	**29**	**219**	**17**

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.
# The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.
The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.
For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained.

Registrar











पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

सं. ईसीआर/सीएओ/कॉन/डब्ल्यू टी/ई.पी.सी. निविदा/ उत्तर/ 22-26-27 दि. 16.10.2026
ई.निविदा सूचना सं. पूमरे-मुप्रअ-नि-उ- ई.पी.सी. -22-26-27 भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं. : 1. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में मानसी - सहरसा खंड के दोहरीकरण के संबंध में मानसी से सहरसा तक (यानी चेन: 0.000 से 42.200) (कुल- 42.200 किमी) 25टी भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के लिए मिट्टी का काम, ब्लैंकेटिंग, महत्वपूर्ण/मेगा पुल, बड़े पुल, छोटे पुल, समपार फाटकों (लेवल क्रॉसिंग्स) का विस्तार, पी.वे (रेलवे ट्रैक) का काम, भवन, विद्युतीकरण, सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य तथा अन्य विविध कार्यों सहित दोहरीकरण कार्य के निर्माण" के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) निविदा। **2. कार्य का लगभग मूल्य :** रू. 393,19,66,781.20, **3. बीड सिक्यूरिटी की राशि :** रू. 7,86,39,300.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 16.02.2027 चौदह तीस बजे। **5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि :** उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1161/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/26-27/52

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी

Secretary/Chairman - Divya Prakash **Contact- 9304697359, 9334074905**